हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 23 जून, 2025

9 छात्रों को नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए दिलाई ई-शपथ



10 पुलिस कर्मियों ने श्रमदान कर बदली थानों व चौकियों की तस्वीर



## जून में 7 करोड़ यूनिट तक बढ़ी बिजली की डिमांड

# रोजाना 50 लाख यूनिट बिजली की खपत बरसात से सामान्य हो सकते हैं हालात

### कम बारिश में बढ़ी डिमांड, गांवों और शहरों में लग रहे अघोषित कट

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जून माह में इस बार अब तक प्री मानसून की बरसात न होने का सीधा असर बिजली आपूर्ति पर पड़ा है। जून मास में बिजली आपूर्ति की डिमांड एकदम से 7 करोड़ यूनिट बढ़ गई। यही कारण है कि विद्युत निगम को गांवों को छोड़िए, शहरों में भी बिजली के अघोषित कट लगाने पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं, रात के समय तो हालात ओर भी खराब हो जाते हैं। रात के समय बिजली निगम को मजबूरन कम वोल्टेज में बिजली मुहैया करवानी पड़ रही है। अगर जल्द ही अच्छी और नियमित बारिश नहीं हुई तो आने वाले दिन बिजली आपूर्ति के लिहाज से ओर भी बदतर हो सकते हैं। फतेहाबाद डिवीजन में प्रतिदिन की बात की जाए तो अप्रैल माह में 16 लाख 22 हजार यूनिट प्रतिदिन की डिमांड थी, जोकि मई में बढ़कर 27 लाख 85 हजार यूनिट तक जा पहुंची। जून माह में यह डिमांड बढ़कर 50 लाख यूनिट प्रतिदिन तक आ पहुंची। इसकी पुष्टि खुद बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता भी कर रहे हैं। कम बारिश के चलते बिजली की डिमांड एकदम से बढ़ गई है, जिसके चलते बिजली आपूर्ति में परेशानी आ रही है।



फतेहाबाद। 33 केवी सब स्टेशन में ओवरलोड मशीनरी। फोटो: हरिभूमि

### मेनपावर कमजोर, शिकायत केंद्र पर कोई सुनने वाला नहीं

*मेनपावर के हिसाब से निगम पहले ही कमजोर है। हालांकि निगम की मेनपॉवर में इजाफा हुआ है लेकिन बढ़ती शहरी क्षेत्र को देखते हुए यह अभी भी अपर्याप्त है। कर्मचारी दिन-रात ट्रिपिंग होने व बार-बार ट्रांसफार्मर उडने की समस्या के समाधान में लगे हैं। अब यह स्थिति है कि रातभर घरों में एसी चल रहे हैं। ऐसे में लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर जलने की घटनाएं भी बढनी लगी हैं। कम मेनपावर समस्या को ओर बढ़ाने का काम करेंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि भट्टू रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन के शिकायत केन्द्र पर तैनात कर्मचारी ठेके पर हैं। शहर में कट लगने पर फोन उठाये या ना उठाये, ये उनकी मर्जी पर निर्भर करता है। शिकायत केन्द्र का नंबर लगातार बजता रहता है, उठाने वाला कोई कर्मचारी नहीं होता।*

अप्रैल से जून तक आपूर्ति (2024)

| मास | यूनिट |
|---|---|
| अप्रैल | 5.91 करोड़ |
| मई | 9.85 करोड़ |
| जून | 13.6 करोड़ |

अप्रैल से जून तक आपूर्ति (2025)

| मास | यूनिट |
|---|---|
| अप्रैल | 4.86 करोड़ |
| मई | 8.35 करोड़ |
| जून | 15.2 करोड़ |

### बारिश न होने पर जुलाई में डिमांड 17 करोड़ यूनिट करेगी पार

*फतेहाबाद डिवीजन में फतेहाबाद शहर, रतिया शहर, बड़ोपल व भट्टूकलां पड़ते हैं। अप्रैल के मुकाबले जून में तीन गुणा बिजली की डिमांड बढ़ गई है। विद्युत निगम के औपचारिक आंकड़ें भी यही कह रहे हैं। इसी साल अप्रैल में जिले में बिजली की कुल डिमांड 4 करोड़ 86 लाख 71 हजार यूनिट थी। मई में यह बढकर 8 करोड़ 35 लाख 35 हजार और जून में अब तक यह बढ़कर 15 करोड़ 50 लाख यूनिट तक जा पहुंची है। बिजली निगम के अधिकारियों की चिंता भी इसी कारण बढ़ रही है। अगर पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो अगले माह बिजली डिमांड बढ़कर 17 करोड़ यूनिट से अधिक चली जाएगी। इतनी बिजली का इंतजाम करना बिजली निगम के अधिकारियों के लिए मुश्किल भरा हो सकता है। अप्रैल माह में फतेहाबाद में प्रतिदिन 16 लाख यूनिट की डिमांड थी जोकि मई में बढकर 27 लाख हो गई और जून में यह आंकड़ा 50 लाख यूनिट प्रतिदिन तक पहुंच गया।*

### बिजली निगम भी सुधार के लिए नहीं छोड़ रहा कोई कसर

ऐसा नहीं है कि बिजली निगम ने गर्मी में लोड बढने की स्थिति से निपटने का कोई इंतजाम नहीं किया। निगम ने अपनी तरफ से कोई कसर भी नहीं छोड़ी। फतेहाबाद के भट्टू रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन की क्षमता 26 एमवीए से बढ़ाकर 28 एमवीए की गई है। ऐसे ही बनगांव में 10 एमवीए से 20 एमवीए, हुडा सैक्टर में 16.3 एमवीए से 20 एमवीए, भट्टू सोतर में 10 से 20 एमवीए, कुलां में 10 से 20 एमवीए, हड़ौली में 24.3 से 28 एमवीए तक क्षमता बढ़ाई गई थी।

### जल्द मानसून आने की जताई संभावना

बारिश न होने से बिजली की डिमांड बढ़ती है तो उत्तरी ग्रिड भी ओवरलोड हो जाता है। उत्तरी ग्रिड ओवरलोड होने से पानीपत सिस्टम ऑपरेशन के पास बिजली कटौती का संदेश आता है। मजबूरन उन्हें बिजली बंद करनी पड़ती है। इस बार प्री मानसून की बारिश अभी तक न होने से बिजली की डिमांड एकाएक बढ़ गई है। इस बारे उपभोक्ता को बिजली खपत कम करने की कोशिश करनी चाहिए। बरसात होते ही सारी स्थिति सामान्य हो जाएगी। राहत की बात है कि इस बार मौसम वैज्ञानिकों ने भी जल्द मानसून आने की संभावना जताई है। हालांकि मौसम विभाग ने आजकल में प्री मानसून की बारिश भी बता रखी हैं। प्री मानसून की बारिश होती है तो बिजली खपत सामान्य हो जाएगी।

**-संदीप मेहता,** कार्यकारी अभियंता, द.ह.बि.वि. निगम फतेहाबाद



सिरसा। फर्टिलाइजर फैक्ट्री में छापेमारी के दौरान जांच करते हुए।

सीएम फ्लाइंग टीम की कार्रवाई

## फर्टिलाइजर फैक्ट्री में छापा

- फैक्ट्री में कई एक्सपायरी प्रोडेक्ट मिले और अनियमिताएं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सीएम फ्लाइंग टीम ने रविवार दोपहर को गांव खैरेकां के पास स्थित खेत में एक बायोफर्टिलाइजर फैक्ट्री में छापेमारी की। इस दौरान फैक्ट्री में कई एक्सपायरी प्रोडेक्ट मिले और अनियमिताएं मिली। सीएम फ्लाइंग टीम ने फर्टिलाइजर के सैंपल भरे हैं, जिनको जांच के लिए भेज दिया गया है। इससे पहले भी फैक्ट्री से लिया गया एक सैंपल फेल आ चुका है। इस कारण दोबारा छापेमारी की गई है। जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग की एसआई और इंस्पेक्टर राजेश के नेतृत्व में आज दोपहर को सिरसा के गांव खैरकां के पास खेत में स्थित लिबान फर्टिलाइजर फैक्ट्री में छापेमारी की गई। इस दौरान फैक्ट्री में महिलाओं सहित कर्मचारी बायोफर्टिलाइजर की पैकिंग करते पाए गए। पैकिंग के लिए इस्तेमाल किए जा रहे बैग हरिद्वार की हेमकुश नामक कंपनी के थे। सीएम फ्लाइंग के सब-इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि खैरेकां गांव के पास एक बायोफर्टिलाइजर फैक्ट्री में नकली खाद तैयार की जा रही है। इस सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापा मारा है। मौके पर खाद की पैकिंग का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि बायो फर्जिलाइजर, जो एक्सपायरी मिले हैं, जिन्हें हमनें सीज कर लिया है। जो सही है, उसकी सैंपल लिए। जांच रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। नकली खाद के इस रैकेट से किसानों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए प्रशासन की यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### दुकान से हजारों की नकदी व सामान चोरी

**सिरसा।** ऐलनाबाद में नगरपालिका के सामने स्थित एक दुकान के ताले तोडक़र चोर 60 हजार रुपए की नकदी सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 16, ऐलनाबाद निवासी गौतम ने बताया कि उसकी नगरपालिका के सामने दुकान है। देर रात्रि को चोरों ने दुकान के ऊपर लगे एल्युमिनियम के गेट को तोडक़र गल्ले से 60 हजार रुपए की नगदी, एक चांदी का सिक्का, पांच कैमरे आदि सामान चुरा लिया।

### संगीत दिवस पर लगी सूफियाना महफिल

**रानियां।** अंतराष्ट्रीय संगीत दिवस पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के हिसार जोन प्रभारी सोनू ग्रोवर ने अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस पर रानियां के बीएस स्कूल में एक सूफियाना महफिल का आयोजन किया जिसमें उन्होंने गजल सम्राट जगजीत सिंह द्वारा गाई गज़ल आदमी आदमी को क्या देगा जो भी देगा वही खुदा देगा गाकर समां बांधा। उल्लेखनीय है कि संगीत शिक्षा में पारंगत सोनू ग्रोवर ने इस दौरान बताया कि विश्व संगीत दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि एक अनुभव है जो हमें याद दिलाता है कि संगीत हर सीमा, भाषा और संस्कृति से परे है।

### जानकार बनकर किया फोन, हजारों हड़पे

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने रतिया के एक युवक से हजारों रुपये की राशि हड़प ली। ठगोंने युवक का जानकार बनकर फोन किया और इलाज में मदद के नाम पर 17 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में युवक को जब अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। अब इस मामले में रतिया पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया है।

### सरला सिंह हरियाणा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**सिरसा।** कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन की मजबूती के लिए प्रदेश में लगातार नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में हरियाणा युवा कांग्रेस संगठन चुनाव में गांव जोधपुरिया निवासी सरला सिंह ढिल्लों को हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। सरला सिंह ढिल्लों ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुडा, लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला सहित पार्टी के अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया।

### शिविर में हुई 140 मरीजों की जांच

**सिरसा।** भगवान श्री परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला में बाबा बिहारी नेत्रालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरू गिजवानी ने अपनी टीम के साथ 140 मरीजों की आंखों की सभी प्रकार की जांच की। इस दौरान 12 मरीजों को ऑप्रेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका बाबा बिहारी नेत्रालय में निःशुल्क ऑप्रेशन किया जाएगा।

### बातों में उलझाया आरोपी थैला लेकर फरार

**सिरसा।** जिला के गांव भंगू निवासी एक महिला को एक युवक व दो युवतियों ने बातों में उलझाकर उसका नकदी व आभूषणों वाला थैला लेकर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में महिला गीता ने बताया कि बीती 21 जून वह अपनी दोहती के साथ परशुराम चौक सिरसा पर थी। इसी दौरान एक लड़का और दो लड़कियां उसके साथ बातें करने लगे। लडक़े ने एक लड़की की तरफ इशारा करके कहा कि इसके पास किराया नहीं है और इसे उत्तर प्रदेश जाना है।

## बालिका से दुष्कर्म का आरोपी काबू

- आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा
- आरोपी की पहचान लाभचंद निवासी बोडा, के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। बालिका से दुष्कर्म का आरोपी। फोटो: हरिभूमि

रतिया क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला थाना फतेहाबाद की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान लाभचंद निवासी बोडा, रतिया, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा रानी ने बताया कि 16 जून को वन स्टाफ सेंटर से सूचना प्राप्त हुई कि एक नाबालिग बालिका वहां पर अकेली मौजूद है, जो केवल अपनी मां का नाम बता पा रही थी और किसी अन्य प्रकार की जानकारी देने में असमर्थ थी। यह बालिका न तो आरोपी के बारे में कुछ बता पा रही थी और न ही अपने गांव या परिवार से संबंधित कोई जानकारी दे सकी। उक्त सूचना पर महिला उप-निरीक्षक रेखा द्वारा तुरंत मौके पर पहुंचकर बालिका से संपर्क किया गया। इसके पश्चात बालिका के बयान लीगल एड काउंसिल के समक्ष दर्ज करवाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना फतेहाबाद में दुष्कर्म की धाराओं के तहत अभियोग अंकित कर जांच आरंभ की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर तंत्र की सहायता से त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पहचान की तथा उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, पुलिस टीम ने पूरी संवेदनशीलता और सजगता के साथ बालिका के परिवार का पता लगाया और उचित परामर्श के पश्चात बालिका को उनके सुपुर्द कर दिया गया।

## तीन साल पुराने एनडीपीएस मामले में आरोपी काबू

- आरोपी की पहचान राजकुमार निवासी लुधियाना के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत रतिया पुलिस ने तीन साल पुराने मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजकुमार निवासी कन्हैया हुसैनी जिला लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 900 रुपये की नगदी बरामद की और माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेज दिया है। थाना शहर रतिया प्रभारी ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस टीम एसआई महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान टोहाना रोड पर आजाद मार्किट से मॉडल टाऊन रतिया की तरफ जा रही थी। मॉडल टाऊन के समीप पुलिस ने दीवार की आड़ में छिप रहे एक युवक राजपाल सिंह पुत्र जगननाथ निवासी बादलगढ़ हाल गोविंद नगर, खुड्डे जिला जालंधर को काबू किया था। पुलिस ने उसके पास से 10 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन बरामद थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना शहर रतिया में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस एक साथी की तलाश में थी।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार युवक। फोटो: हरिभूमि

### भेजा जेल

इस मामले में जांच अधिकारी ने आगामी कार्रवाई करते हुए नशा तस्कर राजपाल के साथी राजकुमार पुत्र जीत सिंह निवासी कन्हैया हुसैनी जिला लुधियाना को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



सिरसा। पकड़ी गई अवैध शराब। फोटो: हरिभूमि

## इग्नू में जुलाई 2025 सत्र दाखिलों के लिए पोर्टल खुला: डॉ. धर्मपाल

- विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन लिंक पर अप्लाई कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्विद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2025 सत्र के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते हैं, उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया कि इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इग्नू रिमोट एरिया, गांवों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी कारण से रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते, ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। जॉब करने वाले कैंडिडेट भी आसानी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते हैं। डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी इग्नू द्वारा संचालित लगभग 350 तरह के सर्टिफिकेट, पीजी सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, बैचलर्स और पोस्ट ग्रेजुएट के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन लिंक पर अप्लाई कर सकते हैं। वहीं इग्नू स्टडी सेंटर 1085 राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र जुलाई 2024 में इग्नू में दाखिला लिया था और जिन्होंने अभी तक अगली कक्षा के लिए अपना री रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया वे विद्यार्थी 30 जून 2025 तक अपना री रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### डबवाली पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में

**डबवाली।** डबवाली पुलिस का नशा रोकने का अभियान उस समय सवालों के घेरे में आ गया जब पुलिस को सरेआम नशा बेचने वाले एक मेडिकल स्टोर से नशे की कोई दवा बरामद नहीं हुई। बताते हैं कि न्यू बस स्टैंड रोड पर एक मेडिकल स्टोर पर सरे आम लाइन लगाकर मेडिकल नशा बेचा जाता है। इसकी सार्वजनिक चर्चा व शिकायत पर विभाग के लोगों ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा। मजेदार बात यह है कि इस छापे में पुलिस को कुछ भी बरामद नहीं हुआ।

## अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

- 24 पेटी देशी शराब सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 24 पेटी देशी शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बोलेरो कैंपर गाड़ी को भी अपने कब्जे में लिया है। एएनसी प्रभारी सूबे सिंह ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजेश कुमार व राज निवासी किलियांवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम चौटाला रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली की पंजाब की ओर से एक बोलेरों कैंपर गाड़ी में अवैध शराब तस्करी के लिए लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चौटाला रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान एक बोलेरो कैंपर गाड़ी आई जिसमें दो युवक सवार थे। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें 24 पेटी अवैध शराब मार्का पंजाब भरी हुई थी। उन्होंने बताया कि काबू किए गए आरोपियों राजेश कुमार व राज को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ करके इस अवैध शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों को काबू किया जाएगा।

### जिला पुलिस ने यूपीआई ऑटो पे स्कैम या यूपीआई ऑटो पे रिक्वेस्ट स्कैम से बचने के दिए सुझाव

## यूपीआई ऑटो पे एक्सेप्ट करते ही शुरू हो जाता है फ्रॉड

- साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार चलाया जा रहे जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। हाल ही में जिले सहित प्रदेशभर में एक नया प्रकार का साइबर फ्रॉड सामने आया है, जिसे यूपीआई ऑटो पे स्कैम या यूपीआई ऑटो पे रिक्वेस्ट स्कैम कहा जा रहा है। इस स्कैम में साइबर अपराधी यूजर्स को धोखे में डालकर उनके बैंक खातों से ऑटोमैटिक डेबिट की अनुमति प्राप्त कर लेते हैं, जिससे उनके खाते से नियमित अंतराल पर पैसे कटते रहते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर ठग नकली ऐप्स, वेबसाइट्स या किसी इनाम/सेवा का झांसा देकर यूजर्स को एक फर्जी यूपीआई ऑटो पे रिक्वेस्ट भेजते हैं। यह रिक्वेस्ट इतनी सामान्य प्रतीत होती है कि यूजर उसे असली समझकर एसेप्ट कर लेता है।

### फतेहाबाद पुलिस की अपील



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए तकनीकी रूप से सजग और सतर्क बनें। यदि कोई नागरिक इस प्रकार के स्कैम का शिकार होता है, तो वह तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करे या ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने यह भी बताया कि फतेहाबाद पुलिस समय-समय पर साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाती रहती है, जिससे आमजन को धोखाधड़ी के नए-नए तरीकों से सचेत किया जा सके और वे सुरक्षित रह सकें।

### मुख्य चेतावनियां

- ⏭किसी अनजान लिंक या क्यूआर कोड पर क्लिक/स्कैन न करें।
- ⏭कोई भी ऐप या केवाईसी अपडेट केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही करें।
- ⏭यूपीआई ऐप में 'ऑटो पे' या 'ई-मेंडेट' की किसी भी रिक्वेस्ट को बिना पूरी तरह पढ़े और समझे स्वीकार न करें।
- ⏭भुगतान करते समय यह जरूर जांचें कि क्यों और किसको पैसा भेजा जा रहा है।
- ⏭किसी के कहने पर ऐनीडेस्ट, टीम व्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस ऐप्स डाउनलोड न करें।

### सुरक्षा के लिए सुझाव

- ⏭यूपीआई ऐप में जाकर समय-समय पर अपने एक्टिव मेंडेट की जांच करें।
- ⏭किसी भी संदिग्ध लेन-देन या ऑटो डेबिट को तुरंत रद्द करें।
- ⏭बैंकिंग डिटेल्स, ओटीपी, यूपीआई पिन या अन्य संवेदनशील जानकारी किसी से साझा न करें।

*जुम्मन जब हज करने गए थे, तब अपना घर अलगू को सौंप गए थे। अलगू जब कभी बाहर जाते तो जुम्मन के भरोसे अपना घर छोड़ जाते थे। उनमें न खान-पान का व्यवहार था, न धर्म का नाता, केवल विचार मिलते थे। मित्रता का मूलमंत्र भी यही है।* **- मुंशी प्रेमचंद**



*"इतना फिजूल पैसा नहीं है हमारे पास उड़ाने को! मनु की नई नौकरी है। दिल्ली में उसकी गृहस्थी का सब खर्च उठाने में ही कमर टूटी जाती है। फिर प्रदीप की ठेकेदारी में भी अभी कुछ मुनाफा नहीं होता। अकेले पापा के वेतन में तुम्हारे बी.एड. के लिए गड्डियाँ कहाँ से लायें! अगले साल तुम्हारी भी तो शादी करनी है। वो तो अच्छा हुआ शादी का मुहूर्त इस साल टल गया, मंगल दोष के कारण।*





कहानी

इंदिरा दाँगी

# भाग्य विधाता

गृहणियां अक्सर एक ग्लॉरीफ़ाइड नौकरानी भर रह जाती हैं!

दुल्हन भाभी का सूटकेस बेड पर खोल कर, ब्याह में आई सभी ननदें घेरा बनाकर बैठ गईं।

"अरे ! ये बैंगल बॉक्स तो कितना सुंदर है! और कंगनों के सेट भी इसके अंदर जैसे बहुत खोजकर सजाए हैं। ये गुलाबी तो चूड़ियां हैं कि मोतियों की लड़ियां ?"

मँझली बुआ सास की बेटी कहती है "ये मेरा अपने आप को शादी का गिफ्ट है। इसे तैयार करने में बाज़ार के कितने चक्कर लगाने पड़े !"

"ये तो अब मेरा हुआ !" सगी ननद चंचल ने पूरा बॉक्स उठा लिया और बंद कर, बाँह के नीचे दबा लिया।

"अरे! अरे ! कहाँ उड़ाये लिए जाती हो ? नज़र भर देखने तो दो !" छोटी बुआ श्रद्धा कहती हैं जो उम्र में विवाहित ननदों से कुछ ही बड़ी थीं और इसी गुट में डटी रहती थीं। चिढ़ने वाली पाहुनी मौसी सास सुबह ही कह रही थीं, "सींग कटाकर बछड़ों में शामिल!"

श्रद्धा बुआ टोकती ही रह गईं और चंचल ये जा वो जा! वे कोई फड़कता हुआ व्यंग्य करतीं लेकिन तभी उनका ध्यान दुल्हन की दूसरी ब्याहता ननद कंचन पर गया जो सूटकेस को ऐसे उलट-पुलट रही थी जैसे चंचल का मुनाफा उसका नुकसान है। अब इससे भी ज्यादा मुनाफा न हो तो लानत है उसकी चतुराई पर।

"ये सिंदूरी साड़ी मैं लूँगी !"

सूटकेस में जो सबसे मूल्यवान बनारसी साड़ी दिख रही थी, बड़ी ननद कंचन ने वो निकाल कर तुरंत अपने बैग में डाल दी। बगल में चचेरी-ममेरी-फुफेरी ननदें, दुल्हन को सुन-सुनाकर फुसफुसाती रहीं, "ये दोनों कितनी लालची हैं !"

"अरे ! अभी तो बस इनका ही रंग देखा है बहू ने; इनकी माँ का नहीं देखा !"

...और माँ वेणी वाकई बेटियों चंचल और कंचन से दो कदम आगे थी !

शाम को बहू से कहा, "अरे, शादी में कितनी अंगूठियाँ मिली हैं जरा उतार कर दो तो; पाहुनियों को दिखानी हैं।"

बहू ने छह अंगूठियाँ उतार कर दे दीं। सास बाहर ले गई और थोड़ी देर बाद लौटा ले आई।

"लो पहन लो, अपनी अगूठियाँ।"

बहू देख रही है; छह अंगूठियाँ लेकर गई थीं, पाँच लौटा रही हैं सो भी एक-एक को गौर से देखती-तोलती-सी।

क्या वो कह दे कि एक अंगूठी कम है? एकाएक चोरी का इल्जाम कैसे लगा दे ऐसे ! सोच रही थी कि रात में पति योगेश से बात करेगी।

लेकिन यहाँ तो ये हाल था कि लंका के छोटे वीर, वे भी उनचास हाथ के! वही सोने की अंगूठी पतिदेव ने दीप्ति को घूँघट उठाते समय पहना दी।

...उसका दिल टूट गया !

कैसी धूर्त ससुराल मिली है ! लेकिन अब पैरों के नीचे की ज़मीन यही है; मायके में तो अम्मा ने कभी महसूस ही न होने दिया कि दोनों भाई-भाभियों के अलावा भी वो घर किसी का है! शादी से बरस भर पहले जब बी.एड. की उसकी फीस का सवाल था तो उन्होंने साफ मना कर दिया था,

"इतना फिजूल पैसा नहीं है हमारे पास उड़ाने को! मनु की नई नौकरी है। दिल्ली में उसकी गृहस्थी का सब खर्च उठाने में ही कमर टूटी जाती है। फिर प्रदीप की ठेकेदारी में भी अभी कुछ मुनाफा नहीं होता। अकेले पापा के वेतन में तुम्हारे बी.एड. के लिए गड्डियाँ कहाँ से लायें! अगले साल तुम्हारी भी तो शादी करनी है। वो तो अच्छा हुआ शादी का मुहूर्त इस साल टल गया, मंगल दोष के कारण। मायके से बी.ए. पास करके जा रही हो; इतना भी बहुत है! आगे और जो अरमान हों, अपने घर जाकर पूरे करना। और इस साल तो वैसे भी मेरा घुटने का ऑपरेशन है। तुम कॉलेज जाओगी तो घर का सब काम कौन करेगा ? बड़ी बहू दिल्ली में, छोटी अपने बच्चों में उलझी रहती है। ऐसा करो अब ये पढ़ाई-वढ़ाई बंद करो। और इस साल मन लगाकर घर-गृहस्थी सीखो! हर समय हाथ में किताब लिए फिरती हो। रसोई में मन लगाओ ! कल को ससुराल जाओगी तो क्या हमारी नाक कटाओगी !"

लेकिन फिर भी दीप्ति ने बी.एड. की प्रवेश परीक्षा दी और उसे दाखिला भी मिल गया। पिता को किसी तरह मनाया। पिता यों माँ और बेटों के सामने कुछ न बोलते थे लेकिन घर में अगर कोई वाकई प्रगतिशील सोच का धनी था तो वे ही थे। और जब वे अपना निर्णय सुनाते तो सब बस कुड़बुड़ाते रह जाते। घर आखिर उनके वेतन से जो चलता था। ...दीप्ति ने बी.एड. की पढ़ाई शुरू कर दी। वो घर के काम भी करती रही, कॉलेज भी जाती रही और भावी ससुराल जाने की तैयारियाँ भी साथ-साथ चलती रहीं। भाभियाँ आपस में कहतीं, "कितनी चंट है ये लड़की ! अम्मा हज़ार काम बताती रहें, ये अपनी पढ़ाई-लिखाई, अपनी तरक्की नहीं छोड़ती!"

"हूँह! लेकिन तरक्की का सब खर्चा अभी तो मायके वालों के सिर है सो दीप्ति बिन्नू की पौ बारह है! बी.एड. के पहले साल के ये दोनों सेमिस्टर तो हो जाएंगे। अगले साल देखेंगे, ससुराल वाले फाइनल की फीस भरेंगे कि नहीं ! चालीस हज़ार कोई कम रकम तो नहीं होती !"

"फीस क्यों न भरेंगे ? पढ़ लिखकर बहूरानी नौकरी करेगी ! क्या ही पता, सरकारी नौकरी लग जाए ! सोने की मुर्गी को भला कौन नहीं चाहता !"

"अभी नहीं बनी सोने की मुर्गी; अभी तो चूज़ा है ! अभी तो खर्चा ही खर्चा है। और रुपये की जड़ कलेजे में होती है। पता नहीं, उन लोगों की मंशा क्या निकले ? वे आगे पढ़ाएंगे भी कि नहीं ? नौकरी तो बाद की बात है। सुनते हैं, होने वाली सास तो बहुत ही तेज़ है। ब्याहता ननदों का भी बड़ा दखल है घर में।"

शादी के समय दीप्ति को भी यही चिंता थी।

"आगे मेरी बी.एड. फाइनल की फीस का क्या होगा ?"

*फिर भी दीप्ति ने बी.एड. की प्रवेश परीक्षा दी और उसे दाखिला भी मिल गया। पिता को किसी तरह मनाया। पिता यों माँ और बेटों के सामने कुछ न बोलते थे लेकिन घर में अगर कोई वाकई प्रगतिशील सोच का धनी था तो वे ही थे। और जब वे अपना निर्णय सुनाते तो सब बस कुड़बुड़ाते रह जाते। घर आखिर उनके वेतन से जो चलता था। ...दीप्ति ने बी.एड. की पढ़ाई शुरू कर दी। वो घर के काम भी करती रही।*

नवब्याहता दीप्ति मायके आई है तो सोच में डूबी, अपने में गुमसुम रहती है। ससुराल में पन्द्रह दिन रहकर ही वो जान गई कि वहाँ अभी बरसों-बरस तक उसकी स्थिति ऐसी रहने वाली है कि सभी की सेवा भी करनी है और सभी की डाँट भी खानी है। रहने-खाने के सहारे के बदले अपना सर्वस्व ससुराल वालों के चरणों में रखकर न चलेगी तो निभ न सकेगी। पर इसमें क्या नया है ? ससुराल वाले नई बहू से नौकरानी जैसा ही बर्ताव तो करते हैं। सोच ये रहती है कि शुरू में ही दबा लो फिर पूरी जिंदगी सुख से सेवा करवाओ। नहीं तो, जो शुरू में सिर पर चढ़ गई तो उम्र भर नाचेगी नहीं बल्कि नचाएगी! दीप्ति लेकिन अपने लिए एक ऐसा भविष्य देखती है जो आसपास के माहौल से हटकर है। वो पति की साथी बनना चाहती है; बूढ़े सास-ससुर का सहारा। इसके अलावा, उसका अपना एक जीवन हो, पहचान हो, आत्म निर्भरता हो और सबसे बढ़कर सम्मान हो!

दीप्ति पीतल का टेबल लैम्प और गमले नींबू, राख और दही से साफ कर रही है। बैठक की हर चीज़ अब तक वो ही साफ करती रही थी। अपनी सोच में गुम है, क्या अम्मा से बात करे या पापा से ही फिर कहे! बड़े भैया को भी तो फोन कर सकती है दिल्ली। उनकी तो सरकारी नौकरी है फिर भी तो खर्च खेती और पापा की पेंशन से उठता है। क्या छोटी बहन को इतना भी न दे सकेंगे? जब बी.एड. के बाद उसकी नौकरी लगेगी तो चुका देगी। ये बात तो वो प्रदीप भैया से भी कह सकती है। अभी ही तो भाभी दिखा रही थीं उसे अपना नया लॉकेट, जो कहने को तो वे अपने मायके से लाई हैं; लेकिन वो असलियत जानती है कि भैया ने उन्हें बनवा कर दिया है!

लैम्प और गमले सब धो-माँजकर उसने एक ओर टिका दिए धूप में, हमेशा की तरह; और बैठक में जाकर बल्ब, डोरी, प्लग लाने चली गई ताकि उसे लैम्प में फिर से फिट कर सके। लौटकर देखती है कि पीतल का सब सामान गायब!

"अरे अम्मा ! लैम्प, गमले सब कहाँ गए ?"

"तुम्हारी भाभी ले गई अपने कमरे में ?"

"क्यों ?"

"ले जाने दे; तू क्यों पूछती है? क्या अपने घर ले जाने की मंशा थी ?"

ये इल्जाम! दीप्ति का दिल फिर टूट गया। आगे उसका यहाँ आना मेहमानों-सा रह गया। जब भी आती, अम्मा चिंतित-सी होकर पापा से पूछती, "दीप्ति को कितने की विदाई देनी है ?"

- क्रमश...

कविता | अरुण आशरी



## व्यथा एक पेड़ की

खुले आसमान तले
मैं भी कभी इतराता था
ऊँचा उठने की होड़ में
पूरी गर्मी झेल जाता था
मेरी छाँव तले
कितने ही मुसाफिर
राहत की साँस ले पाते थे
मन ही मन
शुक्रिया अदा कर
आगे बढ़ जाते थे ,
बच्चे भी नादानियों की
बरसात लेकर आते थे
तरह-तरह के खेल खेलकर
मेरे सर तक चढ़ जाते थे
कभी मेरी बाँहों की डाल पर झूलते
कभी झूलते-झूलते
जमीं पर कूदते
आनंद की सीमा भी लांघ जाते थे
तब कहीं जाकर अपने घर जाते थे
मैं भी रात को ही
चैन की नींद ले पाता था
मन ही मन अपने भव्य पर इतराता था
अगली सुबह फिर
नई ताजगी के संग उठ जाता था,
इंसान भी,
जहाँ मेरे जैसे पेड़ों का झुण्ड पाता था
सुन्दर, मनोहर जैसे शब्दों से
मुझे अलंकृत कर जाता था
और फिर घर भी वहीं बनाता था ।
आज वही इंसान
जहाँ कहीं भी
मेरे जैसे पेड़ों का झुण्ड पाता है
सबसे पहले उन्हें कटवाता है
फीते से जगह नपवाता है
बहुत सुन्दर जगह का
अलंकरण अब भी दे जाता है
पर घर वहीं बनाता है ।
प्रदूषण का खंजर
अब मेरे खून से सनाँ है
मेरी अब की हालत
कुछ इस तरह बयाँ है,
कोई भी मुसाफिर
अब यहाँ नहीं आता है ,
बच्चा भी बस
दूर से ही देख चला जाता है ।
प्रदूषण की मार
इस कदर मुझे रुला गई,
मुझे भी इक बात समझ में आ गई,
खुले आसमान तले भी मैं,
इक पिंजरे में बंद हूँ,
जब लोग दिल में दिमाग रखते हैं,
तो मैं कहाँ का अक्लामन्द हूँ।

गीत | डॉ. पंकज गौड़



## हे युवा स्वयं का निर्माण कर

बंद कर छद्म युद्ध,शांति से बनेगा बुद्ध
हर धर्म के प्रति,मन में मान भर
जान ले तू,खुद को,वीरता समुद्र को
हे युवा स्वयं का निर्माण कर !

जुल्म की है इंतिहा,रास्ते कठिन तो क्या
हर नगर;डगर नया गुमान दे।
कोई कहीं से गया,तुझे उससे क्या गिला
नित्य नव्य पंथ तू निकाल ले।


आंसू ले गरीब के,जुल्म मिटा करीब के
झोपड़ी में दीप का तू दान कर।
खेत के किसान को,सीमा पे जवान को
हर घड़ी हृदय से रख,सलाम कर।

दर-दर की हर खबर रखते हो तुम मगर
दीप क्यों बुझे है स्वाभिमान के ?
रक्त मांगती धरा,बुत ना हो, नजर मिला
हो प्रसन्न प्राण अपने वार कर।

खुद,खुद से युद्ध कर,आत्मा को शुद्ध कर
ज्ञान से तमस हटा,अलख जगा।
ज्ञात से अज्ञात तक,रात से प्रभात तक
साथ दें, हमकदम गले लगा।

अथाह की तू थाह ले,चाही अपनी राह ले
उधार के विचार नहीं काम के।
खोज के जतन से,मौज से; मनन से
हे युवा स्वयं का निर्माण कर !

लघुकथा | सविता गोयल



## तपन

का का, इतनी भरी दोपहरी में कहाँ जा रहे हो ? बाहर लू चल रही है, बीमार हो जाओगे ।

'बिटवा, जब घर में चूल्हा ठंडा पड़ा हो तो ये सर्दी-गरमी कहाँ हमरे बदन को छूवत है । पेट की आग बुझावे के खातिर बदन को थोड़ा तपाने में का हरज है । दो पैसा कमाकर घर में लाएंगे तो घर में चूल्हा जलेगा । बच्चा लोग का पेट में रोटी और चेहरा पर शांति देखेंगे तो ई सारी तपन ठंडी हो जावेगी।, कहते हुए उस झुलसती दोपहरी में भी रघु काका ठेला लेकर काम ढूंढने निकल पड़े ।

कविता | राजेश 'भारती'



## रोटी का हिस्सा

रोटी बनाते वक्त, माँ अक्सर कहती थी
थोड़ा-सा आटा बचा लिया कर
पंछी भी भूखे नहीं रहने चाहिए

अब मैं शहर में रोटी तोड़ता हूँ
पर खिड़की के बाहर, पंछी नहीं
बस धूल उड़ाती गाड़ियाँ हैं

क्या बचाऊँ मैं ? माँ की वो बात
या वो भूख, जो अब मेरे भीतर भी
कहीं पंख फड़फड़ाती है।

**कवि और गीतकार वीरेन्द्र कुमार शर्मा का आधुनिक युग में साहित्य की चुनौतियों को लेकर कहना है कि इस इंटरनेट युग में हर कोई सोशल मीडिया पर अपनी अभिरुचि की सामग्री तलाश कर ज्ञान पाना चाहता है, लेकिन यह सत्य है कि गुरुओं के सानिध्य के बिना ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसलिए इस बदलते परिवेश में वरिष्ठ साहित्यकारों और लेखकों की पुस्तकों का अध्ययन करने से लेखनी को यशस्वी किया जा सकता है।**

साक्षात्कार | ओ.पी. पाल

# मानवीय मूल्यों को जीवंत रखने में साहित्य अहम : वीरेन्द्र 'मधुर'

भारतीय संस्कृति में सामाजिक उत्थान के लिए साहित्य संवर्धन की भी अहम भूमिका मानी जाती है। इसलिए साहित्य के क्षेत्र में लेखक और साहित्यकार अपनी अलग-अलग विधाओं में साहित्य सृजन करके समाज को नई दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे ही लेखकों में शामिल वरिष्ठ साहित्यकार वीरेन्द्र कुमार शर्मा भी सामयिक विषयों और सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर कविताएं, गीत, गजल, मुक्तक और आलेख जैसी रचनाओं के संसार को दिशा देने में जुटे हैं। उन्होंने हिंदी और हरियाणवी भाषा में साहित्यिक साधना के साथ सामाजिक सेवा को भी सर्वोपरि रखा है। वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं गीतकार वीरेन्द्र 'मधुर' ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिनमें साहित्य संवर्धन में सभी भाषाओं के सम्मान के साथ मानवीय मूल्यों को जीवंत रखना संभव है। वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि वीरेन्द्र 'मधुर' का जन्म 1 जनवरी 1958 को यूपी के मुजफ्फरनगर में रामेश्वर प्रसाद शर्मा एवं सुशीला देवी के घर में हुआ।

परिवार में हालांकि कोई साहित्यिक माहौल नहीं था, लेकिन उनके दादा मूल चंद शर्मा शिक्षक रहे। वीरेन्द्र की प्राथमिक शिक्षा शहर की प्राइमरी पाठशाला में हुई, जहां उनके प्रथम गुरु मोहम्मद इकबाल बने। इन्हें पहली बार साल 1968 में कक्षा पांच के दौरान स्कूल में मंच मिला। स्कूल में वे साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी मंचन के साथ ड्रामा, डांस और गाना बजाना भी भी करने लगे। उन्होंने कक्षा छह से आठ तक स्कूल में अंताक्षरी, वाद-विवाद और अभिनय में हमेशा प्रथम स्थान हासिल करके हैट्रिक अपने नाम की। रसायन विषय से एमएससी की डिग्री के बाद उन्होंने सरकारी और गैर सरकारी केमिकल प्रतिष्ठानों 32 साल तक नौकरी और व्यवसाय किया। इसके बावजूद उन्होंने अपनी साहित्यिक और सांस्कृति अभिरुचि से नाता नहीं तोड़ा और हारमोनियम और तबला भी सीखकर अपनी विधा को लगातार धार दी। बकौल वीरेन्द्र कुमार शर्मा, उन्होंने साल 1974 में रचना गीत जब पीहू पीहू, इस रेत के शहर में, रिमझिम आया सावन, कहां से लाऊं बचपन अपना, जैसे गीत लिखना शुरू किया, जिन्हें सराहते हुए एक प्रख्यात कवि ने उन्हें मधुर नाम दिया। उनके ये गीत काफी प्रचलित भी हुए। साल 1985 में वह परिवार के साथ हरियाणा के रोहतक आए, जहां उन्होंने एक कैमिकल प्रतिष्ठान में नौकरी की और उसके बाद रोहतक में ही बस गये। परिवार में बेटों के रोजगार लगने के बाद वे अपने साहित्यिक लेखन को आगे बढ़ाते रहे और हरियाणवी संस्कृति में रमना शुरू कर दिया। हालांकि उन्हें हरियाणा में भाषा विशेष के कारण परेशानी का भी सामना किया, जहां अलग पड़े धड़ों में हिंदी गीत को रागिनी के प्रचलन में रखना एक कठिन डगर रही लेकिन उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और साहित्य सृजन में तपस्या, मेहनत और अभ्यास ने उनके साहित्यिक लक्ष्य को बुलंदियां दी।

उन्होंने म्हारे गाम की छोरी, कदे कदे न्यू धड़के सै, जैसे अनेक हरियाणवी गीत व कविताएं भी लिखी हैं। उनकी रचनाओं का फोकस सामयिक और सामाजिक सरोकारों के मुद्दों, अंधविश्वास, मानव एकता, देशभक्ति जैसे विषयों पर रहा है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सक्रिय भागीदारी और काव्य मंच के संयोजक व संचालन का दायित्व निभाना उनके लिए गर्व का विषय है। उनका सौभाग्य रहा कि उन्हें वरिष्ठ साहित्यकारों व कवियों के साथ मंच साझा करने और काव्य पाठ करने का मौका मिला। इन्होंने साल 2017 में दुबई (यूएई) की विदेश यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में हरियाणवी संस्कृति से जुड़े गीत और काव्य पाठ किया है। वह रोहतक की कला परिक्रमा, पंजाबी साहित्यकार मण्डल, विजन फाऊण्डेशन, टैगोर काउंसिल आफ आर्ट रोहतक जैसी कई साहित्यिक, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं।

वहीं वे संस्कार भारती रोहतक जिला इकाई के साहित्य प्रमुख भी रह चुके हैं। आकाशवाणी, डीडी न्यूज जयपुर और आकाशवाणी नई दिल्ली व हिसार से भी उनकी कविताओं और गीतों का प्रसारण हो चुका है। उनकी रचनाएं देश के प्रतिष्ठत पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

गीतकार वीरेन्द मधुर की प्रकाशित एक दर्जन पुस्तकों में गीत संग्रह 'गलता हुआ हिमानी', 'भ्रूण के पहरुए', 'कोहराम जिंदगी का', कविता संग्रह आसमान लुटता है व साँझ मेरे आँगन आयी, गजल संग्रह आवाज का जंगल, कहानी संग्रह वापस गांव की ओर, भक्तिगीत काव्य संग्रह हरि मन मनके सुर्खियों में हैं। उन्होंने काव्य संग्रह मुक्तक वाटिका और बच्चों के लिए हंसता बचपन शीर्षक से भी पुस्तक लिखी हैं। इन्होंने कला परिक्रमा संग्रह रचनाएं भी लिखी हैं।



वीरेन्द्र 'मधुर'

### पुरस्कार व सम्मान

वरिष्ठ कवि एवं गीतकार वीरेन्द्र मधुर को साहित्यिक सेवाओं के लिए अनेक पुरस्कार मिले हैं। प्रमुख रूप से उन्हें हिन्दी साहित्य श्री सम्मान, हंस पुरस्कार, अजमेर मोर स्मृति साहित्य सम्मान, काव्य-भूषण सम्मान, साहित्य सम्मान, प्रज्ञा साहित्य मंच का 'साहित्य सोम' सम्मान मिले हैं। वहीं जयपुर, मेरठ, नांदूरा, हिंदी साहित्य अकादमी दिल्ली, कला संगम दिल्ली, भारतीय महोत्सव समिति श्रीगंगानगर जैसी सामाजिक एवं साहित्यिक संस्थाओं से सम्मान दिया जा चुका है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : वीरेन्द्र 'मधुर'
**जन्मतिथि** : 1 जनवरी 1958
**जन्म स्थान** : मुजफ्फरनगर (यूपी)
**वर्तमान निवास** : रोहतक (हरियाणा)
**शिक्षा** : एम.एस.सी. (रसायन)
**संप्रति** : लेखक, कवि एवं गीतकार

# सावन का दर्पण है 'मुम्बई का प्राकृतिक सौंदर्य'






**पुस्तक : मुम्बई का प्राकृतिक सौंदर्य**
**लेखक : डॉ. हरीशचंद्र झन्डई**
**मूल्य : 299 रुपये**
**प्रकाशक : बोधि प्रकाशन, जयपुर**

पुस्तक समीक्षा | सुशील सैनी

लघु कविता संग्रह 'मुम्बई का प्राकृतिक सौंदर्य' में रचनाकार डॉ. हरीशचंद्र झन्डई ने प्रकृति का बखूबी वर्णन किया है। संग्रह में तमाम कविताएं मुम्बई शहर पर आधारित हैं। कवि के अनुसार उन्हें खराब स्वास्थ्य के चलते मुंबई महानगर में जाकर रहना पड़ा, तब सावन का महीना था। इसी दौरान इन लघु कविताओं को लिखने की प्रेरणा मिली।

कवि ने शायद इसी कारण इस संग्रह में मुंबई के सावन को लघु कविताओं का आधार बनाया है। उदाहरण देखिए, 'सावन की मस्ती' में - लगती है जब सावन झड़ी/ टिप-टिप करती हैं बारिश की बूँदें।' सावन में धरती बारिश से भीग जाती है, (सावन से भीगी धरती)। धूप में बरसता सावन के बूँदों की/चमक है निराली (धूप में बरसता सावन)। कवि ने वर्षा का चित्रण इस प्रकार किया है- छम-छम करती वर्षा/ठण्डी-ठण्डी हवाएँ (वर्षा की फुहारें)। बरसात रुक-रुक कर हुई तेज़ वर्षा/बरस रहे मेघ (बरस रहे मेघ) कई बार बादल आसमान घेर लेते हैं- घिर-घिर आये/सावन के बादल/गरजते, बरसते (बादलों ने आसमान को घेरा)।

इसी प्रकार, सावन की बारिश में भीगी भीगी लड़की/प्राकृतिक सौंदर्य से चेहरे पर भी मुस्कान। सावन की हवाएँ, सुहावनी हवाएँ भी कह रहीं और सुहावनी रात गीत गाती हैं (सुहावनी रात)। हम कह सकते हैं कि इस संग्रह की ज्यादातर कविताएं बारिश का ही वर्णन करती प्रतीत होती हैं। तरह-तरह की इनकी है/ प्राकृतिक रँग-बिरँगी पोशाक (पक्षियों की प्रकृति) और 'सावन में पक्षी 'उड़ते हैं- पक्षियों की होती है उड़ान / एक दिशा से दूसरी दिशा तक। ऐसे समय में प्रवासी पक्षी भी दिखाई देते हैं- आते हैं प्रवासी खूबसूरत पक्षी (खूबसूरत पक्षी) 'चली हवाएँ' और 'बहारों के सपने' में कवि ने मंद-मंद हवा और फूलों की बात कही है। 'पतझड़' में छाया है निराला पतझड़/कल आएगा बसन्त लेकर, कवि के आशावादी दृष्टिकोण को दिखाता है। बरसात के अतिरिक्त कवि ने मुम्बई के दर्शनीय स्थलों जैसे 'जुहू चौपाटी' और 'मरीन ड्राइव' 'एलीफैंट गुफ़ाएं' पर भी लेखनी चलाई है। 'पेड़ लगाओ काटना बंद करो' के जरिए कवि ने पौधरोपण का भी आह्वान किया है। वे कहते हैं- विकास से प्रदूषित है पर्यावरण/ दहक रहे जंगल सिसक रहा है पर्यावरण (दरकते जंगल सिसकता पर्यावरण)। इस संग्रह में करीब एक सौ लघु कविताएं सम्मिलित हैं। इनकी भाषा सहज और सरल है। कवि इसके लिए साधुवाद के पात्र हैं।

## खबर संक्षेप

### गणपति महोत्सव के लिए कार्यकारिणी का गठन

**उकलाना मंडी।** संघ कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 27 अगस्त से आयोजित होने वाले गणपति महोत्सव बारे चर्चा की गई। बैठक में गणपति महोत्सव बारे में विचार विमर्श करते हुए उपस्थित सदस्यों ने इस पर सहमति जताई तथा कार्य करने का गठन करने बारे भी विचार किया। इसमें सर्वसम्मति से संरक्षक पद के लिए कृष्ण केनी और प्रधान पद मदन लाल सोनी को कार्यभार सौंपा गया। सभी सदस्यों की सहमति से कार्यकारणी का गठन किया गया।

### किरतान में वर्षावन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** जिले के गांव किरतान में विश्व वर्षावन दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम आजाद हिंद युवा क्लब किरतान और मेरा युवा भारत हिसार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि वृक्ष एक अनमोल प्राकृतिक सम्पदा है। यह पृथ्वी का गहना है, वृक्ष है तो जल है और जल ही जीवन है। वृक्षों का संरक्षण करना चाहिए। ये हमारे जीवन में फल, फूल, छाया, ऑक्सीजन और लकड़ी देते हैं।

### निरंकारी बाल समागम का आयोजन

**हिसार।** सुभाष नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को निरंकारी बाल समागम आयोजन किया गया। इस समागम में जिले भर से लगभग 300 बच्चों ने भजन, गीत, कविता, नाटक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मिशन का संदेश दिया। बाल समागम की अध्यक्षता करते हुए मीनू ने कहा कि आज के बच्चे हमारे समाज के कल का उज्जवल भविष्य हैं। बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं उन्हें जिस माहौल में ढाला जाता है वैसे ही बन जाते हैं।

### कुलदीप बिश्नोई आज सुनेंगे समस्याएं

**आदमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई सोमवार 23 जून को सुबह 11.15 बजे आदमपुर स्थित अपने आवास पर हलकावासियों की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान वे अधिकारियों से बातचीत करके समस्याओं को दूर करवाने का प्रयास करेंगे। इसके उपरांत हलके में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेंगे तथा अपनों के सुख-दुख में शिरकत करेंगे। सांय 5 बजे हिसार आवास पर लोगों से मुलाकात करेंगे।

### ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

**हांसी ।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव सिंघवा खास से मातों भैणी रोड स्थित सुंदर ब्रांच नहर में रविवार सुबह ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान की मौत हो गई। किसान की पहचान मदनहेड़ी निवासी 46 वर्षीय बिजेंद्र के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जेसीबी की मदद से बिजेंद्र के शव को ट्रैक्टर के नीचे से निकाल पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बिजेंद्र शनिवार शाम को ट्रैक्टर लेकर खेतों की जुताई करने के लिए गया था। रविवार सुबह करीब सात बजे गांव वालों को सूचना मिली कि बिजेंद्र का ट्रैक्टर खाली नहर में गिरा हुआ है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा गया कि ट्रैक्टर के नीचे एक व्यक्ति दबा हुआ है।

## नशा मुक्ति टीम ने जागरूकता सेमिनार एवं उपचार शिविर का किया आयोजन

# छात्रों को नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए दिलाई ई-शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस न केवल नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है, बल्कि नशा पीड़ितों के पुनर्वास में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में एएसआई सुंदर मुसाफिर के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा रतिया क्षेत्र में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परफेक्ट कंप्यूटर सेंटर एवं ग्लोबल स्टार एकेडमी, रतिया में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए ई-शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की प्रवृत्तियों से दूर रखकर उन्हें सकारात्मक एवं स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 'नशे को ना, जिंदगी को हां' का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, रतिया के वार्ड नंबर 4 एवं 7 में रहने वाले 10 नशा पीड़ितों एवं 5 उपचाराधीन व्यक्तियों की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई। इसके उपरांत उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं भी प्रदान की गई। फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। यह अभियान केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में नशे के विरुद्ध चेतना जागृत करने का भी कार्य कर रहा है।




**रतिया।** लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम व ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरुक करते थाना प्रभारी।

## थाना प्रभारी ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ चलाए जा रहे पखवाड़े के तहत नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी ने रविवार को थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी में पंहुचकर आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का संदेश दिया है। थाना प्रभारी ने नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि जिला द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं । उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान से प्रेरित होकर युवा नशा छोड़ने के लिए आगे आ रहे हैं, और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से नशे से पीड़ित युवाओं को दवाई दिलाकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि आमजन व जिला पुलिस प्रशासन के अथक प्रयासों से अब तक 173 गांव तथा सिरसा में ऐलनाबाद के 11 वार्डो को नशा मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो, निसंकोच होकर ऐसे लोगों की सूचना पुलिस प्रशासन को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। नशा मुक्त समाज बनाने के लिए आमजन का सहयोग अति आवश्यक है, इसलिए जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा है तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

■ नशा बेचने वालों क सूचना निसंकोच होकर पुलिस को दे

## युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है सरकार: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव के समय युवाओं को नौकरी देने का वायदा करने वाली भाजपा की सरकार युवाओं साथ विश्वासघात कर रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि हरियाणा में ग्रुप-डी में भर्ती हुए युवकों को जल्द पोस्टिंग देने का दावा प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, विभागों से पूछा है कि उनके यहां ग्रुप डी से जुड़े कितने पद खाली हैं। जिसमें साल 2023 में हुई ग्रुप डी भर्ती वाले युवाओं को नियुक्त किया जाएगा। जिन्हें सरकार ने अभी तक जॉइनिंग नहीं दी थी। इसके अलावा सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) से भी चयनित उम्मीदवारों की लिस्ट मांगी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सैनी सरकार के पिछले कार्यकाल के अंतिम समय यह घोषणा की थी और ग्रुप सी और डी के 24 हजार पदों पर भर्ती की गई थी। सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को ग्रुप-डी के 7500 से ज्यादा पदों की रिक्तियां भेजकर चयन सूची की सिफारिश करने के लिए पत्र भेजा है। मगर, अभी तक आयोग ने यह रिजल्ट नहीं निकाला। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एचकेआरएन के तहत युवाओं को नौकरी पर तो रखा गया है।

### बच्चों को शिक्षा के साथ बनाएं अच्छा नागरिक: पलविंद्र

**सिरसा।** दी विजडम स्कूल में गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों का एक गुरमत सम्मेलन करवाया गया जिसमें बच्चों को गुरमत शिक्षाओं के साथ जोडक़र उनके विभिन्न मुकाबले करवाए गए। इनमें समाधि लगाकर नाम जपने, गुरुवाणी शुद्ध पाठ उच्चारण, गायन वादन, दीवान लगाने, गुरु इतिहास से संबंधित लिखती और सवाल-जवाब प्रतियोगिता, दस्तार सजाना, भाषण तथा खेलों के मुकाबल शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं के दौरान कुछ विशेष शख्सियतों द्वारा बच्चों को अच्छे संस्कारों तथा धार्मिक शिक्षाओं के साथ उन्हें एक अच्छे मनुष्य बनने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व नौजवान नामधारी विदयक जत्थे के प्रधान पलविंद्र सिंह ने बताया कि यह समागम प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सतगुरु दलीप सिंह के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से बच्चों के सार्वभौमिक विकास के लिए करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां आकर बच्चे बहुत खुश हुए तथा उन्होंने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन भी किया तथा स्कूल से मिली सुविधाओं का आनंद भी लिया। सारी टीम ने स्कूल के अध्यक्ष सरदार नक्षत्र सिंहका विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने इस सुंदर स्कूल में बच्चों का आयोजन करवाया। मुख्य प्रबंधक अनूप सिंह तथा देवेंद्र सिंह ने बताया कि सभी कमरों व हॉल में एसी लगे थे, जिस कारण बच्चों को यहां गर्मी का पता ही नहीं चला तथा खुले प्ले ग्राउंड तथा स्विमिंग पूल का भी उन्होंने पूरा आनंद लिया। इस अवसर पर प्रधान जसपाल सिंह, प्रधान मास्टर सुखदेव सिंह, गुरमीत सिंह सग्गू, ठेकेदार जसबीर सिंह, जसबीर सिंह सेठी, प्रिंसिपल रणबीर सिंह, हरभेज सिंह, देव सिंह, सरपंच सविंदर सिंह, कुलविंद्र सिंह भिंडर, जत्थेदार आसा सिंह, जत्थेदार जोगिंद्र सिंह मुक्ता, राष्ट्रपति अवॉर्डी गुरप्रीत सिंह, तरण सिंह बटाला, प्रिंसिपल सरबजीत कौर, राजपाल कौर आदि मौजूद रहे।

## नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने दिल्ली मेट्रो में टोकन काउंटर पर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लाख 51 हजार रुपये की राशि भी बरामद की है। ओढां थाना प्रभारी अजय कुमार ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन कुमार उर्फ पवन पुत्र बलबीर सिंह निवासी सिरसा के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि केशव पुत्र चिरंजी लाल निवासी गांव बप्पा जिला सिरसा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा हुआ था जिसमें आरोपी द्वारा उसे व अन्य लोगों को दिल्ली मेट्रो में टोकन काउंटर पर नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लिए, परन्तु न तो नौकरी लगवाई और न ही पैसे वापस लिए। पीड़ित केशव ने बताया कि आरोपी ने अन्य लोगों के साथ भी धोखाधड़ी की है। पुलिस के अनुसार गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# नगरपरिषद में भ्रष्टाचार की हो निष्पक्ष जांच: सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की नगरपरिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर धरने पर बैठे पूर्व नगर पार्षद सुशील सैनी ने जिला प्रशासन से मांग की कि भ्रष्टाचार की निष्पक्षता से जांच की जाए। जब तक जांच नहीं होगी, वे धरने पर बैठे रहेंगे। इसके लिए चाहे आमरण अनशन भी करना पड़ा तो वह भी किया जाएगा। छठे दिन धरने पर बैठे पूर्व पार्षद सुशील सैनी के साथ गुरलाल सेखों, रामकुमार निरंकारी, पप्पू आरेवाला, कृष्ण सैनी, धीरा सिंह खाजाखेड़ा, कपिल अरोड़ा, वीरू ठाकुर, मेवा सिंह व उपकार सिंह भी बैठे। इस दौरान पूर्व पार्षद सैनी ने कहा कि शिवपुरी जैसी जगह के निर्माण में भी घोटाला किया गया है। शहर का एक भाजपा नेता अपनी गलतियों का पश्चाताप करने की बजाय आम जनता के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद ने जितने वर्क टेंडर दिखाए हैं, उससे कहीं अधिक टेंडर दिए गए। सैनी ने आरोप जड़ा कि भाजपा नेता ने ठेकेदारों से बंदरबांट करके करोड़ों रुपए की हेराफेरी की है। उल्लेखनीय है कि श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया व खैरपुर और बाजेकां शिवपुरी के प्रधान अमीर चावला भी सुशील सैनी के धरने का समर्थन कर रहे हैं।



**सिरसा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे पूर्व पार्षद व शहरवासी।

## श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से योगिनी एकादशी के उपलक्ष्य में विशाल भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन- पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाएंगे,छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ बाबा मरते दम तक, लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। बाद में जींद से आए भजन गायक रोहित राजपूत ने भजन- जब तू मेरे साथ है फिर डरने की क्या बात है, श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, मन की बात सांवरिय नै आज सुना के देख ले, मेरा दिल ये पुकारे आजा अंखियों की प्यास बुझा जा, घुंघटियो आड़ै आ ग्यो जी मैं देख कोणी पाई बाबा श्याम, आयो सांवरियो सरकार घोड़े पै चढ़ के, सब झूमो नाचो वो आने वाला है सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। जिन पर श्याम भक्त जमकर नाचे। रात को सवा नौ बजे बाबा श्याम की रसोई का प्रसाद वितरित किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की रसोई का प्रसाद ग्रहण किया।



**सिरसा।** श्याम बगीची में भजनों की प्रस्तुति देते गायक।

## दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर टोहाना नप से की धोखाधड़ी, युवक पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** अपने फायदे के लिए दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के मामले में टोहाना पुलिस ने नगरपरिषद अधिकारी की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में नगरपरिषद टोहाना के कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि बैंक कालोनी टोहाना निवासी पारूल खाम्बरा पुत्र विक्रम सिंह ने हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम 2014 के तहत वसीका नं. 3656 बारे कार्यकारी अधिकारी के सम्मुख प्रथम अपील बारे अनुरोध किया। कार्यकारी अधिकारी ने प्रथम अपील 12 जून 2024 को खारिज कर दी। इसके बाद पारूल खाम्बरा ने उपमंडल अधिकारी टोहाना के सम्मुख द्वितीय अपील की। इस मामले में उपमंडल अधिकारी द्वारा उक्त मामले की जांच की गई और 1 अप्रैल 2025 को उक्त व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए नगरपरिषद को आदेश दिए। इस पर नगरपरिषद ने अधिवक्ता रितेश सिंगला से कानूनी राय ली गई। इसमें पता चला कि पारूल खाम्बरा द्वारा नगरपरिषद टोहाना में मलकियत तबदील करवाने बारे ऑनलाइन आवेदन किया गया था जिसमें वसीका नं. 155 वसीयत शीला देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र इंतकार तथा वसीका नं. 3656 की फोटोकॉपी अपलोड की गई।

## जेजेपी ने सदस्य अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि पार्टी की ओर से आरंभ किए गए सदस्यता अभियान को लेकर न केवल पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं में बल्कि आमजन में भी खासा जोश पाया जा रहा है। अशोक वर्मा रविवार को डबवाली हलका में पार्टी कार्यालय में जेजेपी द्वारा आरंभ किए गए सदस्यता अभियान की शुरूआत के दौरान उपस्थित पार्टी पदाधिकायिों व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पार्टी की नीतियों में विश्वास रखने वाले लोगों को ही पार्टी में शामिल करें। वर्मा ने कहा कि पिछले साढ़े चार सालों में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा जनहित में लिए फैसलों का प्रचार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो रही है और इस सिलसिले में वे आमजन को भी जागरूक करें।



**सिरसा।** डबवाली में जजपा जिलाध्यक्ष सदस्यता अभियान आरंभ करते हुए।

## राहुल कम्बोज सर्वसम्मति से चुने गए लायंस क्लब भूना के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

लायंस क्लब भूना की कार्यकारिणी की बैठक खैरी रोड पर क्लब भवन में प्रधान अनिल भूटानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें राहुल कंबोज को सर्वसम्मति से नया प्रधान चुन लिया। इस मौके पर क्लब के चार्टर सदस्य व अन्य सदस्य मौजूद रहे। प्रधान के अतिरिक्त प्रवीण मुंजाल को सचिव, दिनेश भूटानी को खजांची पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। प्रधान बनाने की औपचारिकता सीनियर मेंबर डॉ. राजकुमार शर्मा, पूर्व प्रधान अशोक कत्याल, बंटी कटारिया, पंकज पसरीजा, अजय मेहता, अनिल परूथी, अनिल भूटानी, पुनीत भूटानी, सुनील नारंग तथा मिंटू मोंगिया ने पूरी की। क्लब के साथियों ने सर्वसम्मति से राहुल कंबोज को प्रधान व प्रवीण मुंजाल को सचिव तथा दिनेश भूटानी को कोषाध्यक्ष पद के नाम का प्रस्ताव पारित कर दिया। नवनिर्वाचित राहुल कंबोज ने कहा कि सामाजिक कार्यों में क्लब पूर्व की भांति आगे भी बढ़ चढक़र भाग लेकर जरूरतमंद व असहाय लोगों की मदद में अग्रणीय रहेगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर व मेडिकल जांच कैंप लगातार लगाए जाएंगे।

■ लायंस क्लब भूना की कार्यकारिणी बैठक आयोजित

### टोहाना पुलिस ने मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में एक आरोपी को किया काबू, अन्य की तलाश जारी

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने मारपीट व जानलेवा हमले के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवन कुमार पुत्र बुधराज निवासी वार्ड नंबर 2, राजनगर, टोहाना के रूप में हुई है। पूछताछ उपरांत आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि यह मामला 21 जून को ओमपति पत्नी शिशपाल सिंह निवासी राजनगर, टोहाना की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 18 मई को बलियाला हेड पर ओमपति के भतीजे सोनू के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उसी शाम लगभग 7 बजे, जब ओमपति अपने बेटे नरेश और भतीजों दीपक व सूरज के साथ घर पर मौजूद थीं, तो सागर, सुंदर, पवन, सावन, विजय, अरुणा, रवि, रोहन, रोहित, काकू, लसी, फिन्डरु तथा अन्य अज्ञात आरोपी गली में आकर गाली-गलौच करने लगे और ईंटों से हमला कर दिया। इसी दौरान किताब सिंह पुत्र तिलकू राम, निवासी राजनगर, अपनी गाड़ी में सवार होकर मौके पर आया और शिकायतकर्ता को जानबूझकर वाहन से टक्कर मार दी, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई, लेकिन पुलिस को देखकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल ओमपति को तत्काल सामान्य अस्पताल टोहाना ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एमएएमसी अग्रोहा रेफर कर दिया गया।

## महिला थाना इंचार्ज ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरुक

# ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करना जनता का नैतिक कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला थाना इंचार्ज ने रविवार को शहर सिरसा व अन्य जगहों पर पहुंचकर आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत तेज गति से वाहन न चलाए, क्योंकि ऐसा करने से अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती है और परिवार को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दुपहिया या चौपहिया वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें क्योंकि आपकी थोड़ी सी लापरवाही से किसी की जान जोखिम में जा सकती है। उपस्थिति लोगों से कहा कि सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं मोटरसाइकिल या दुपहिया वाहनों से हो रही है, इसलिए निर्धारित गति सीमा में ही अपने वाहन को चलाएं और खुद सुरक्षित रहें तथा दूसरों को भी सुरक्षित रखें तथा बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना दिल से करनी चाहिए न कि पुलिस के भय से, क्योंकि यातायात नियमों की पालना कर हम किसी के बहुमूल्य जीवन को बचा सकते है। इसलिए हमें यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए और दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने वाहन चलकों से कहा कि वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार की नशीली वस्तु का प्रयोग ना करें,क्योंकि ऐसा करने से आपका जीवन जोखिम में पड़ सकता है । उन्होंने वाहन चालकों से आह्वान करते हुए कहा कि ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करना जनता का नैतिक कर्तव्य है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं व हादसों को रोक कर किसी व्यक्ति की कीमती जान को बचाई जा सके।



**सिरसा।** यातायात नियमों की पालना बारे लोगों को अवगत करवाती महिला थाना प्रभारी।

# चर्चा का विषय बनी महर्षि दयानंद सरस्वती गोशाला जमाल की थारपारकर नस्ल की गाय

■ हरियाणा-राजस्थान के पशुपालकों ने लगाई बोली, एक लाख 33 हजार रुपये में बिकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के गांव जामल स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती गौशाला में थारपारकर नस्ल की एक गाय की खुली बोली हुई जो कि राजस्थान के हनुमानगढ़ जिला निवासी पशुपालक इकबाल सिंह ने एक लाख 33 हजार रुपये में खरीदी है। इस बोली में हरियाणा व राजस्थान के करीब 30 से अधिक पशुपालकों ने भाग लिया। इस गाय की विशेष बात यह है कि यह एक दिन में करीब 15 से 20 लीटर दूध देती है। गौशाला समिति के प्रधान प्रकाश कस्वां ने रविवार दोपहर 2 बजे के दौरान बताया कि थारपारकर नस्ल की मात्र ढाई वर्षीय गाय पहली बार ब्यांत वाली गाय का कल ही शनिवार को ब्यांत हुआ था। इसके बाद गाय को बेचने के लिए सोशल मीडिया पर प्रचार किया गया, जिसको देखते हुए काफी संख्या में पशुपालक व व्यापारी गौशाला में एकत्रित हुए।

बोली प्रक्रिया न्यूनतम 71000 से शुरू हुई। जिसमें नोहर के इकबाल सिंह ने सबसे ज्यादा बोली एक लाख 33 हजार रुपए लगाकर गाय को खरीद लिया। जिससे गौशाला समिति को अच्छी आमदनी हुई है। गौशाला में 1442 गोवंश हैं और हर साल दुधारू गायों की बिक्री से आय होती है।



सिरसा। थारपारकर नस्ल की गाय। फोटो : हरिभूमि

### श्रेष्ठ नस्ल का गोवंश

समिति प्रधान प्रकाश कस्वां, सदस्य शेर सिंह, जगदीश, ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि इस बछिया का गौशाला में विशेष तौर पर पालन पोषण किया गया। गाय का मात्र ढाई वर्ष की उम्र में पहला ब्यांत हुआ है जिसको खरीदने में पशुपालकों व व्यापारियों ने काफी रुचि दिखाई है। उन्होंने बताया कि थारपारकर गाय भारत की सर्वश्रेष्ठ दुधारू नस्लों में से एक मानी जाती है। गाय एक दिन में करीब 15 से 20 लीटर तक दूध दे सकती है। उन्होंने बताया कि गौशाला में 1442 गोवंश रजिस्टर्ड हैं। यह गाय मरुस्थल जैसे कठोर क्षेत्र में आसानी से जीवित रह सकती है और कम चारा खाने पर भी उसका पेट भर जाता है। उन्होंने बताया कि इस गाय को खरीदने के लिए हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद व हिसार जिलों के पशुपालकों के साथ-साथ राजस्थान के नोहर, भादरा, हनुमानगढ़ सहित कई क्षेत्रों से पशुपालक व व्यापारी पहुंचे।

## खबर संक्षेप



सिरसा। शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक।

### स्वास्थ्य शिविर में हुई 98 लोगों की जांच

**सिरसा।** रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रविवार प्रातः मिनी बाइपास स्थित चौधरी देवीलाल पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि शिविर के दौरान 98 लोगों की रक्त जांच की गई। इस जांच में विशेष रूप से शुगर, लीवर व किडनी से संबंधित रोगों की निःशुल्क जांच की गई।

### चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** मुसाहिबाला नाका इंचार्ज ने वाहनों की चैकिंग के दौरान एक युवक को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि मुसाहिबाला नाका इंचार्ज ने थाना में सूचना दी की चोरीशुदा बाइक सहित एक युवक को पकड़ रखा है। सदर थाना की एक पुलिस टीम मुसाहिवाला नाका पर पहुंच कर बाइक व युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपी प्रभजोत सिंह पुत्र नोनिहाल सिंह निवासी शक्तिनगर सिरसा ने बताया कि यह बाइक उसने करीब 3 साल पहले किसी अन्य व्यक्ति से खरीदा था। उन्होंने बताया कि चोरी की संपत्ति रखने के संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है ।

### व्यक्ति लापता, घग्घर किनारे मिली बाइक

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया क्षेत्र के गांव पिलछियां से एक व्यक्ति के लापता होने का समाचार है। लापता व्यक्ति की मोटरसाइकिल और चप्पलें गांव अलीका में घग्घर किनारे से बरामद हुई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पिलछियां निवासी नरदीप कौर ने कहा है कि उसकी पति सतपाल सिंह गत दिवस शाम को अपने घर से मोटरसाइकिल लेकर बिना बताए कहीं चला गया है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि जब वह सतपाल सिंह की तलाश कर रहे थे तो उसका मोटरसाइकिल व चप्पलें गांव अलीका में घग्घर नदी के किनारे से बरामद हुई। पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### डिफेंस कॉलेज में योग शिविर आयोजित

**टोहाना।**भूना रोड स्थित डिफेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा व चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के निर्देशानुसार 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया। इसमें महाविद्यालय के एमएड, बीएड, डीएलएड व डीपीएड के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा विभिन्न प्रकार के योग आसन किए। संस्थान की मुख्य प्रशासिका डॉ. श्रेया सिंह ने सभी का योग दिवस की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. मुनेन्द्रा कुमार ने कहा कि हमें अपने दिन की शुरूआत योग से करनी चाहिए।

# सीआईए टोहाना ने युवक को अवैध पिस्तौल सहित किया गिरफ्तार, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपराधियों की धरपकड़ करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने एक युवक को नाजायज हथियार सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सतनाम उर्फ इतवारी पुत्र तरसेम निवासी रामनगर टोहाना के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम पीएसआई अजय कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रेलवे रोड स्थित भाखड़ा नहर पुल को क्रॉस करके गांव दमकौरा की तरफ जा रही थी तो दमकौरा स्टेडियम के पास गांव की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और वापस मुडक़र तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सतनाम उर्फ इतवारी बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 32 बोर और एक मैगजीन में चार जिंदा कारतूस बरामद हुए।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पिस्तौल सहित पकड़ा गया युवक।

## रंग-रोगन किया गया, पौधारोपण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए गए

# पुलिस कर्मचारियों ने श्रमदान कर बदली थानों व चौकियों की तस्वीर

अभियान का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा एक सराहनीय पहल के अंतर्गत थाना एवं चौकियों के वातावरण को स्वच्छ, सुंदर एवं जन-अनुकूल बनाने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन कर रहे हैं।

### ऐसे चला अभियान

उनके निर्देशन में जिलेभर के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक दिन का श्रमदान कर थानों व चौकियों की तस्वीर ही बदल दी है। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस थानों एवं चौकियों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, रंग-रोगन किया गया, पौधारोपण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए गए। साथ ही फर्नीचर की मरम्मत तथा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास भी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं कई स्थानों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति देखी और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।

यह श्रमदान अभियान एक दिन तक सीमित न होकर निरंतर जारी है। जिले के विभिन्न थानों एवं पुलिस चौकियों में नियमित अंतराल पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान में न केवल स्वच्छता पर बल दिया जा रहा है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि थानों की कार्यप्रणाली और वहां उपलब्ध संसाधन नागरिकों के अनुकूल एवं प्रभावी हों। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस थानों को केवल प्रशासनिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ बनाना नहीं है, बल्कि आम नागरिकों के लिए एक सुरक्षित, स्वागतयोग्य और विश्वासपूर्ण वातावरण प्रदान करना भी है, जिससे पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग को बल मिल सके। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।





फतेहाबाद। पुलिस थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### जारी रहेगा अभियान

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि यह अभियान आगे भी चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा और जिले के हर थाना-चौकी को आदर्श परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों के समर्पण, अनुशासन एवं प्रतिबद्धता के लिए आभार प्रकट किया।

# महिला प्रदेशाध्यक्ष ने सौंपा फौगाट को नियुक्ति पत्र

■ कृष्णा फौगाट बोलीं, पूरी शिद्दत, निष्ठा से निभाऊंगी दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कृष्णा फौगाट को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस की महिला प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज की ओर से कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कांग्रेस हाईकमान द्वारा कृष्णा फौगाट को महिला जिला कांग्रेस सिरसा का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की गई थी। अब उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

### आभार जताया

इस अवसर पर महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज ने आशा प्रकट करते हुए कहा कि कृष्णा फौगाट अपने अनुभव और उत्साह से सिरसा जिला में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। सुधा भारद्वाज ने कहा कि पूरी पार्टी हाईकमान को श्रीमती फौगाट पर पूर्ण भरोसा है कि वे अपने दीर्घ राजनीतिक अनुभव का लाभ कांग्रेस को देते हुए संगठन को पहले से कहीं अधिक मजबूती देंगी।



कांग्रेस महिला प्रदेशाध्यक्ष कृष्णा फौगाट को नयुक्ति पत्र सौंपते हुए।

वहीं कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्ष कृष्णा फौगाट ने पार्टी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा महासचिव व पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, पार्टी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अल्का लांबा व प्रदेश अध्यक्ष सुधा भारद्वाज के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे पूरी शिद्दत व निष्ठा से निभाएंगी। जिले में अधिकाधिक महिलाओं को पार्टी से जोडऩे के साथ ही वर्तमान में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, शोषण, बलात्कार जैसी समाजविरोधी विकृतियों के खिलाफ भी शासन प्रशासन के समक्ष आवाज बुलंद करेंगी।



फतेहाबाद। संकीर्तन के दौरान भारत टुटेजा को सम्मानित करते श्रद्धालु।

# राधा नाम संकीर्तन में भजनों पर जमकर नाचे श्यामभक्त

**फतेहाबाद।** गुरुकृपा मंडल द्वारा राधा नाम संकीर्तन का आयोजन लाजपत नगर निवासी पियुष अरोड़ा के निवास पर किया गया। भजन गायक भारत टुटेजा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद ममता तनेजा ने 'राधे राधे बोल, श्याम आयेंगे, बिन पिये नशा हो जाता है' आदि भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। राधे आकाश ने 'गुरुदेव सहारा तेरा हे, मेरे तो गिरधर गोपाल' भजन प्रस्तुत किये। उसके बाद टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'गुरुदेव तुम्हारी जय होवे, तेरी कृपा ही मेरा सब कुछ है, मेरे सतगुरु प्यारे, खाटू वाले बाबा का दरबार है' आदि भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। मंडल के सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया। संकीर्तन में श्याम बाबा का दरबार देखने योग्य था। अंत में आरती का आयोजन किया और उसके बाद लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान तान्या दहिया, रीटा, सविता, ममता, नीलम, प्रीत, भारत टुटेजा, आकाश राधे, रजत, भारत मेहता, कोशल तनेजा, कृष्ण, सोनू, सुनीता, रमेश, महक, गीता आदि मौजूद रहे।

# एवीटी स्टाफ ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, तीन चोरीशुदा बाइक बरामद

■ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस की एवीटी स्टाफ ने दो शातिर वाहन चोरों को काबू करते हुए उनकी निशानदेही पर तीन चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जबकि चौथी बाइक पहले से ही थाना दनोदा, जिला जींद में इम्पाउंड की जा चुकी है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान योगेश उर्फ बिहारी पुत्र मुरारी लाल निवासी बुढ़ाखेड़ा, तहसील उकलाना, जिला हिसार व सुमित उर्फ बुड्ढा पुत्र सुभाष निवासी शहर उकलाना, जिला हिसार के रूप में हुई है। यह जानकारी देते हुए एवीटी स्टाफ प्रभारी वेदपाल ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को नियमानुसार काबू किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चार मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। इनमें से तीन बाइक पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बरामद की, जबकि चौथी बाइक थाना दनोदा में पहले से ही इम्पाउंड थी। बरामद की गई मोटरसाइकिले एक बुलेट, एक प्लेटिना, एक स्प्लेंडर हुई है।

आरोपियों ने पूछताछ में टोहाना में रतिया रोड स्थित इंडियन बैंक के पास से 16 फरवरी 2024 को, फतेहाबाद की मोबाइल मार्किट से 7 अक्टूबर 2024 को, फतेहाबाद में संन्यास आश्रम रोड से 11 जून 2026 को तथा फतेहाबाद के जवाहर चौक से भी मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूली है। दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

पुलिस को आशंका है कि इनसे और भी वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा हो सकता है।



फतेहाबाद। चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार दोनों युवक।

# टोहाना में संविधान सम्मान समारोह का आयोजन

■ कांग्रेस ने बाबा साहेब को हराया, नहीं दिया भारत रत्न : सुदेश कटारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

टोहाना में संविधान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के मीडिया प्रभारी सुदेश कटारिया ने शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश कटारिया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की प्रेरणा से पूरे प्रदेश में संविधान सम्मान समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। पहले इस कड़ी में करनाल में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम हुआ, आज फतेहाबाद के टोहाना में कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1952 में बाबा साहब को चुनाव में



हराया। कांग्रेस ने उन्हें भारत रत्न भी नहीं दिया। भाजपा सरकार ने बाबा साहब को भारत रत्न दिया और उनके नाम पर म्यूजियम का निर्माण करवाया। इस म्यूजियम में लाखों लोग बाबा साहब की यादों को देखने जा रहे हैं। कटारिया ने कांग्रेस नेताओं पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। जब मीडिया ने टोहाना में संत रविदास के नाम से बनने वाले मेडिकल कॉलेज की लंबे समय से नींव न रखे जाने का सवाल किया, तो कटारिया ने कहा कि इस बारे में प्रदेश के मुख्यमंत्री ही बता सकते हैं, उन्हें जानकारी नहीं है। फतेहाबाद जिले में पिछले तीन दिन में दो भ्रष्ट अधिकारियों की गिरफ्तारी पर उन्होंने कहा कि यह सरकार की अच्छी पहल है।

# श्री ब्राह्मण सभा ने प्रस्तुत किया सभा का लेखा जोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री ब्राह्मण सभा सिरसा की बैठक रविवार को भगवान श्री परशुराम धर्मशाला में हुई। बैठक में प्रधान दयानंद शर्मा के कार्यकाल का लेखा-जोखा कैशियर अश्विनी कौशिक ने रिकॉर्ड के साथ प्रस्तुत किया। अश्विनी कौशिक ने बताया कि समाज के कुछ लोगों ने प्रो. दयानंद शर्मा पर ब्राह्मण सभा की राशि हड़पने के आरोप लगाए गए थे, लेकिन समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा रिकॉर्ड की जांच में पाया गया कि प्रो. दयानंद शर्मा के कार्यकाल में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। उनके कार्यकाल का पूरा रिकॉर्ड सही पाया गया और रिकॉर्ड की कॉपी एसपी कार्यालय को भी सौंपी गई है। यही नहीं समाज ने वर्ष 2012 से लेकर 2023 तक के कार्यकाल का भी ब्यौरा वाउचर के साथ मांगा है, ताकि सभा के नाम पर गड़बड़ी का पता लगाया जा सके। समाज के छिन्न-भिन्न हो रहे ताने-बाने को सुधारने के लिए समाज के प्रबुद्धजनों राधेश्याम शर्मा, पंडित सीताराम शर्मा बंसीवट वाले, सत्यनारायण पारीक की एक कमेटी बनाई है। कमेटी सदस्य समाज को एकजुट करने के लिए पुरजोर प्रयास करेंगे। इस मौके पर मदनलाल शर्मा, सुभाष शर्मा, सीताराम जोशी, संजय शर्मा, राधेश्याम शर्मा, विजय कुमार जोशी, राजकुमार चोटिया, सुरेंद्र शर्मा, सीताराम शर्मा बंसीवट वाले, श्रवण कुमार, जगदीश जोशी, संजय शर्मा नीटू, देवेंद्र कुमार शर्मा, रामकृष्ण वशिष्ठ, रितेश जोशी, गजेंद्र शर्मा, हर्ष शर्मा, संजय शर्मा, पवन शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट के तीसरे स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान ही जीवनदान

■ इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट, टोहाना द्वारा अपने तीसरे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए ट्रस्ट की सेवा भावना की प्रशंसा की।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि रक्तदान महादान है और उम्मीद ट्रस्ट द्वारा थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त संग्रहण का यह पुनीत कार्य समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की मिसाल है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, और यही कारण है कि इसे महादान कहा गया है। जब हम स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं, तो हम न केवल किसी अनजान व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ते हैं, बल्कि मानवता के प्रति अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करते हैं। नियमित रक्तदान करने से स्वयं रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को भी सेवा के कार्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने ट्रस्ट के सभी सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए निरंतर समाज सेवा की प्रेरणा दी। उन्होंने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए निःस्वार्थ भाव से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करने की ट्रस्ट की सराहना की। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिविर में युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. शिव सचदेवा, प्रधान सतपाल नन्हेड़ी, रमेश मेहता, रविंद्र मेहता, सन्नी मेहता, ललित मोहन, गणेश सैनी, रमन भाटिया, विनय वर्मा, अनिता मेहता, कृष्ण नैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और उन्होंने भी रक्तदाताओं की सराहना की।



टोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते सांसद सुभाष बराला।